# फैन का अनोखा प्यार धोनी और सीएसके के रंग में रंगा अपना घर




धोनी के फैन हैं गोपी कृष्ण

गोपी कृष्ण नाम के इस शख्स का कहना है, श्मैं धोनी का बहुत बड़ा फैन हूं। उनके बारे में अब नेगेटिव बातें कही जा रही हैं। लोग भूल गए हैं कि वह दुनिया के बेस्ट फिनिशर्स में शामिल हैं।

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। आईपीएल में महेंद्र सिंह धोनी और उनकी टीम को काफी आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है। धोनी अभी तक एक भी हाफ सेंचुरी नहीं लगा सके हैं। ऐसे में सोशल मीडिया पर कई लोग उनके बारे में तमाम तरह की बातें कर रहे हैं। पर कुछ ऐसे भी हैं जिनके लिए धोनी अब भी थाला हैं। वे धोनी से उतना ही प्यार करते हैं और उतना ही सम्मान करते हैं। ऐसे ही एक शख्स हैं गोपी कृष्ण। भले ही महेंद्र सिंह धोनी का बल्ला आईपीएल के इस सीजन में ज्यादा नहीं चल रहा हो लेकिन उनके फैंस के मन में उनका पूरा सम्मान है। तमिलनाडु के एक गांव के इस शख्स ने पूरा घर ही पीले रंग में रंग दिया है। तमिलनाडु के अरंगपुर गांव का यह शख्स महेंद्र सिंह धोनी का बड़ा फैन है। धोनी और चेन्नै के समर्थन में उन्होंने अपना पूरा घर पीले रंग में रंग लिया है। आईपीएल 2020 में चेन्नै की टीम अभी छठे पायदान पर है। टीम ने 8 में से तीन मैच जीते हैं जबकि पांच में उसे हार का सामना करना पड़ा है। मंगलवार को टीम ने सनराइजर्स हैदराबाद को 20 रन से हराकर प्लेऑफ की दौड़ में खुद को कायम रखा है। टीम का अगला मुकाबला दिल्ली कैपिटल्स के साथ है।

# एक जैसी हार के चलते रणनीति बदलना जरूरी था

## सैम करन को सलामी बल्लेबाज के रूप में उतारना था अहम कदमः फ्लेमिंग

क्रिकेट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

दुबई। पहले सात में से पांच मैच गंवाने के बाद चेन्नै सुपर किंग्स का सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ रणनीति में बदलाव करना कारगर साबित हुआ और उसके मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने बाद में कहा कि उन्होंने लगभग सभी मैच एक ही तरह से गंवाए थे और ऐसे में परिवर्तन जरूरी हो गया था। सनराइजर्स के खिलाफ 20 रन की जीत में सबसे बड़ा बदलाव सैम करन को सलामी बल्लेबाज के रूप में उतारना था और फ्लेमिंग ने कहा कि इस कदम से चेन्नै की पारी को जरूरी लय मिली। करन ने 21 गेंदों पर 31 रन बनाए।

फ्लेमिंग ने मैच के बाद कहा, 'हमने प्रत्येक पारी में सैम को बल्लेबाजी के लिए तैयार रखा था। हमने सोचा कि पुराने ढर्रे पर चलने के बजाय हमें किसी एक को अधिक मौके देने चाहिए और इसलिए




हमने सैम को शीर्ष क्रम में भेजा।' उन्होंने कहा, 'हमने अपने बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का मौका दिया। यह अच्छी बात है कि सैम ने पारी को शुरू में लय प्रदान की। हम कुछ हटकर करना चाहते थे क्योंकि हमने सभी मैच एक जैसी स्थिति में गंवाए थे।'

दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ शनिवार को शारजाह में होने वाले मैच के बारे में फ्लेमिंग ने कहा, 'हम 'परफेक्ट' टीम नहीं बन सकते। हमें नए खिलाड़ियों को सामने लाने के तरीके ढूंढने होंगे जो कि उस दिन अंतर पैदा कर सकते हैं।'

करन के पारी का आगाज करने के कारण शेन वॉटसन को तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरना पड़ा लेकिन फ्लेमिंग ने इसे कारगर रणनीति बताया। उन्होंने कहा, 'शेन बेहद अनुभवी खिलाड़ी है। स्पिन गेंदबाजों के सामने वह पावरप्ले के दूसरे चरण में आक्रामक रवैया अपना सकता है।'

सनराइजर्स की तरफ से केन विलियमसन ने सर्वाधिक 57 रन बनाए और मुख्य कोच ट्रेवर बेलिस का मानना है कि न्यूजीलैंड का कप्तान नंबर चार पर सही भूमिका निभा रहा है।


बेलिस ने कहा, 'विलियमसन को बल्लेबाजी क्रम में ऊपर लाने की चर्चा चल रही है। निश्चित तौर पर वह बेहतरीन बल्लेबाज है लेकिन अभी वह नंबर चार पर हमारे लिए बहुत अच्छी भूमिका निभा रहा है। उनके अनुभव से हमारे युवा खिलाड़ियों को मदद मिल सकती है।' उन्होंने कहा, 'वह बहुत अच्छा खिलाड़ी है। अगर वह नंबर तीन पर बल्लेबाजी करता है तो बड़ी पारी खेल सकता है लेकिन अभी नंबर चार पर खेलना उनकी भूमिका है।'

# हैपी बर्थडे गौतम गंभीर- युवराज ने पूछा, 'भाई केक कहां है'

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। साल 2007 के वर्ल्ड टी20 फाइनल में वह सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज थे। 2011 के वर्ल्ड कप में आपको धोनी का सिक्स याद होगा लेकिन यह कम लोगों को याद होगा कि गंभीर ने उस मैच में 97 रन बनाए थे। भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज और मौजूदा सांसद गौतम गंभीर का बुधवार को 39वां जन्मदिन है। गंभीर पूर्वी दिल्ली से सांसद हैं। इस मौके पर भारतीय टीम के पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह, सुरेश रैना और आईपीएल टीम कोलकाता नाइट राइडर्स ने उन्हें बधाई दी है।

युवराज ने ट्वीट कर लिखा- मिस्टर जीजी इस खास दिन पर आपको बहुत प्यार और



कोलकाता नाइट राइडर्स ने पूर्व कप्तान को जन्मदिन के मौके पर शुभकामनाएं दीं

शुभकामनाएं। प्रार्थना है कि आप यूं ही समाज के लिए नेक और निस्वार्थ काम की बड़ी पारी खेलते रहें। वैसे केक कहां है भाई?

सुरेश रैना ने गंभीर को बधाई देते हुए लिखा, हैपी बर्थडे गौती भाई प्रार्थना है कि आप अपने शानदार काम से सभी को प्रेरित और हमें गौरवांवित करते रहें। आप स्वस्थ और प्रसन्न रहें। भारत के लिए गंभीर ने 242 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 10324 रन बनाए। वह 2007 वर्ल्ड टी20 और 2011 वर्ल्ड कप विजेता टीम के सदस्य भी थे।

साल 2009 में वह आईसीसी की टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में नंबर वन पर पहुंचे थे। इसके साथ ही उसी साल उन्हें आईसीसी प्लेयर ऑफ द ईयर भी चुना गया था। कोलकाता नाइट राइडर्स और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने भी गंभीर की तारीफ की है।

गंभीर की कप्तानी में कोलकाता नाइट राइडर्स ने दो बार आईपीएल का खिताब जीता। साल 2012 और 2014 में केकेआर की टीम आईपीएल की चैंपियन बनी थी।

## पाकिस्तान को झटका, मुख्य चयनकर्ता मिस्बाह ने दिया इस्तीफा!

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली, जेएनएन। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के मुख्य चयनकर्ता और मुख्य कोच की दोहरी भूमिका निभा रहे मिस्बाह उल हक ने एक पद को छोड़ने का फैसला कर लिया है। बुधवार को खबर आई कि लगातार आलोचना झेल रहे मिस्बाह ने आखिरकार मुख्य चयनकर्ता का पद छोड़ दिया है कि उन्होंने पद से इस्तीफा दे दिया। हालांकि वह अभी भी पाकिस्तान के मुख्य कोच की भूमिका निभाते रहेंगे।

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की नई पहल नाकामयाब साबित हुई है। पिछले साल श्रीलंका के पाकिस्तान दौरे से पहले पूर्व कप्तान को टीम का मुख्य कोच बनाए जाने के साथ-साथ मुख्य चयनकर्ता भी बनाया गया था। खबर आ रही है कि मिस्बाह ने मुख्य चयनकर्ता का पद छोड़ दिया है। जल्दी ही वह इस बात की आधिकारिक घोषणा भी करने वाले हैं। पाकिस्तान की टीम के खराब प्रदर्शन के बाद से ही लगातार मिस्बाह को दोनों पद पर एक साथ काम करने को लेकर बातें हो रही थी। उनके पद संभालने से पहले पाकिस्तान की टीम टी20 रैंकिंग में पहले पायदान पर थी लेकिन इस वक्त वह भारत से एक स्थान नीचे चौथे नंबर पर पहुंच गया है।

## न्यूज डायरी



### महेंद्र सिंह धोनी ने सैम करन को बताया कम्प्लीट क्रिकेटर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। सैम करन ने चेन्नै सुपर किंग्स (बिमदददप`नचमत ज्ञपदहे) के लिए इंडियन प्रीमियर लीग के इस सीजन में शानदार प्रदर्शन किया। युवा इंग्लिश ऑलराउंडर ने गेंद और बल्ले दोनों से उपयोगी खेल दिखाया है। मंगलवार को दुबई इंटरनैशनल क्रिकेट स्टेडियम में चेन्नै सुपर किंग्स ने सनराइजर्स को 20 रन से हरा दिया। इस मैच में करन को पारी की शुरुआत करने भेजा गया। करन ने 21 गेंद पर 31 रन की तेज पारी खेली। इसके बाद तीन ओवर गेंदबाजी कर उन्होंने 18 रन देकर एक विकेट लिया। उन्होंने सनराइजर्स के कप्तान डेविड वॉर्नर को आउट किया। मैच प्रजेंटेशन में धोनी ने कहा, वह एक कम्प्लीट क्रिकेटर हैं। आपको एक तेज गेंदबाज ऑलराउंडर चाहिए होता है। वह गेंद को अच्छी तरह हिट करते हैं, वह बल्लेबाजी में टॉप ऑर्डर में बल्लेबाजी कर सकते हैं, स्पिनर्स को भी अच्छा खेल सकते हैं। धोनी ने कहा, वह आपको तेज 15 से 40 रन दे सकते हैं। अगर आपको लय हासिल करनी हो तो आप करन को ऊपर बल्लेबाजी करने भेज सकते हैं।

### महेंद्र सिंह धोनी ने बनाया अंपायर पर दबाव, फैंस हुए नाराज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। चेन्नै सुपर किंग्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को 20 रन से हरा दिया। इस मैच के अंतिम क्षणों में अंपायर पॉल राइफल के एक फैसले को लेकर विवाद हो गया। अंपायर ने गेंद को वाइड नहीं दिया जबकि साफ नजर आ रहा था कि गेंद लाइन से बाहर थी। दुबई इंटरनैशनल स्टेडियम में यह सनराइजर्स की पारी का 19वां ओवर चल रहा था। मैच संतुलन में था। 18वें ओवर में हैदराबाद की टीम ने 19 रन बटोरे थे। अब उसे जीत के लिए दो ओवरों में 27 रन चाहिए थे। 19वें ओवर की पहली गेंद पर राशिद खान ने दो रन बनाए और शार्दुल ठाकुर की अगली गेंद वाइड हो गई। इससे अगली गेंद भी वाइड लग रही थी। अंपायर पॉल राइफल ने इशारा करने की शुरुआत भी की लेकिन अंत में उसे वाइड नहीं दिया। अंपायर ने जब वाइड करार करने के लिए इशारा करना शुरू किया ही था कि धोनी ने विकेट के पीछे से विरोध जताना शुरू कर दिया।

### सहवाग ने धौनी को बताया गब्बर, कहा- ऐसे ही धूप में बाल नहीं किए सफेद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धौनी सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ हुए मुकाबले के दौरान एक्टिव नहीं बल्कि सुपर एक्टिव थे। धौनी को देखकर साफ लग रहा था कि वो किसी भी हाल में इस मैच को जीतना चाहते हैं और अपनी टीम के साथ मिलकर उन्होंने जीत हासिल भी की। सीएसके को इस जीत की सख्त जरूरत भी थी क्योंकि अगर उन्हें प्लेऑफ तक पहुंचना है तो अंक तालिका में उन्हें अपनी पोजिशन मजबूत करनी ही होगी। सीएसके की इस जीत के बाद टीम इंडिया के पूर्व ओपनर बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने अपने शो वीरू की बैठक में टीम के कप्तान एम एस धौनी की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि वो गब्बर हैं और अगर उनसे किसी टीम को कोई बचा सकता है तो वो खुद हैं। इन बातों के अलावा सहवाग ने धौनी की रणनीति और कप्तानी की भी जमकर तारीफ की।

### क्रिस्टियानो रोनाल्डो पाए गए कोरोना पॉजिटिव, यूएफा नेशंस लीग से बाहर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लिस्बन। फुटबॉल प्रेमियों के लिए मंगलवार को एक बेहद चिंताजनक खबर सुनने को मिली। कोरोना वायरस के संक्रमण से पूरी दुनिया इस समय परेशान है। ऐसे में इंटरनेशनल फुटबॉल के सबसे चमकते सितारे के कोरोना पॉजिटिव होने की खबर आई। दुनिया के सबसे बेहतरीन स्ट्राइकर में गिने जाने वाले पुर्तगाल के दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो कोविड-19 टेस्ट में पॉजिटिव पाए गए हैं। पुर्तगाल फुटबॉल संघ ने इसकी जानकारी दी। इटली के फुटबॉल क्लब जुवेंटस के स्ट्राइकर 35 वर्षीय रोनाल्डो बुधवार को यूएफा नेशंस लीग में स्वीडन के खिलाफ पुर्तगाल के होने वाले मैच में नहीं खेल पाएं।